09/03/2023 राजस्थान पत्रिका

# महिला दिवस पर प्रतियोगिताओं का आयोजन

**बेंगलूरु @ पत्रिका.** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) क्षेत्रीय कार्यालय में महिला दिवस का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत महिलाओं की चिकित्सा जांच, लिंग समानता सेमिनार, मेहंदी प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता आदि विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीन डॉ. संध्या को आमंत्रित किया गया। डॉ.



संध्या ने कहा कि जो असमानता दिखती है वह प्रत्येक व्यक्ति की अपनी प्रकृति के अनुसार है। कार्यक्रम में पुरस्कार विजेताओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। अध्यक्षता क्षेत्रीय निदेशक अनिल कुमार साहू ने की। स्वागत कणिदसेल्वी ने किया। आभार दरबारा सिंह ने जताया व मंच संचालन रण सिंह ने किया।